स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 17.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

बारिश के मौसम में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने निगम प्रशासन पूरी तरह से सजग

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने पिछले 48 घण्टो से नगर निगम क्षेत्र में रुक–रुककर हो रही बारिश को देखते हुए सभी जोन के आयुक्त, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षकों, को सक्त निर्देश दिये है कि क्षेत्र के निचली बस्तियों में पानी का जमाव न हो इस पर सतत् निगरानी रखकर तथा साफ–सफाई व्यवस्था के साथ–साथ सडको पर बिजली, जल व्यवस्था, हेण्ड ट्राली, वाहन, जहॉ जिन सड़को पर पानी का जमाव हो गया हो वहॉ पानी निकासी की व्यवस्था करें, साथ ही अपने संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए पुरी व्यवस्था पर सतत् निगरानी रखें ताकि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न हों। जहॉ पर आवश्यकतानुसार संसाधनों को बढ़ाने की आवश्यकता हो वहॉ पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये तथा सभी जोन आयुक्तों को निर्देशित किया गया कि अपने–अपने वार्डो के स्थानीय सामुदायिक भवन में बाढ़ से प्रभावित नागरिकों को रखने हेतु भवन में दरी, विद्युत, पेयजल सहित, खाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा की गई कार्यवाही से लगातार मुझे अवगत कराते रहे।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने खासकर निगम क्षेत्र के सघन घनी तथा सकरी बस्तियों में जहॉ तेज वर्षा के कारण वर्षा जनित पानी के निकासी हेतु जगह कम रहती है तथा नालियों के माध्यम से ही पानी बस्तियों के बाहर जा पाता है, इस स्थिति में नालियां थोड़ा भी जाम हो जाने पर नालियों से गंदा पानी सड़क एवं बस्तियों में फैल जाती है जिससे मच्छर पनपने एवं मौसमी बिमारियों का हो जाने का खतरा बढ़ जाता है ऐसी जगहों को प्राथमिकता के आधार पर सफाई अमला लगाकर विशेष सफाई अभियान करें। जिससे मौसमी बिमारियों पर रोक लगाई जा सके।

जनसम्पर्क अधिकारी